## खबर संक्षेप



### भागवत को आत्मसात करना चाहिए : शास्त्री

**थानेसर।** चैत्र नवरात्रि के पावन अवसर पर सैक्टर-8 हाउसिंग बोर्ड गीता गायत्री सत्संग सेवा समिति द्वारा समिति के संस्थापक अध्यक्ष व प्रसिद्ध कथा वाचक भागवत प्रवक्ता अनिल शास्त्री वेदाचार्य ने उपस्थित श्रोताओं को प्रवचन में बताया की संसार के सभी मानवों को भागवत जी को आत्मसात करना चाहिए। भागवत जी के जो सिद्धांत है उसे मन मस्तिष्क में समाहित करने का प्रयास करना चाहिए। अगर भागवत मन में विराजमान हो जाए तो मानव का जीवन सफल हो जाता है।

### चुनाव में अवैध शराब की बिक्री नहीं होने देंगे

**पिहोवा।** सहायक निर्वाचन अधिकारी एवं उपमंडल अधिकारी नागरिक अमन कुमार ने कहा कि कुरुक्षेत्र लोकसभा क्षेत्र में 25 मई को होने वाले लोकसभा आम चुनाव के मद्देनजर उपमंडल पिहोवा में अवैध रूप से शराब की बिक्री नहीं होने दी जाएगी, इसके लिए शराब की बिक्री पर उपमंडल प्रशासन की पैनी नजर रहेगी। अगर अवैध शराब पाई गई तो संबंधित लोगों खिलाफ पुलिस सख्त कार्रवाई करेगी।



### सेवा ट्रस्ट ने नवमी पर लगाया जूस का लंगर

**कुरुक्षेत्र।** श्रीराम नवमी के उपलक्ष में सेवा ट्रस्ट यूके (भारत) ने अपनी को-स्पॉन्सर डाबर इंडिया लिमिटेड के सहयोग से विशाल जूस के लंगर का आयोजन किया। इस अवसर पर सेवा ट्रस्ट यूके के जिला कोआर्डिनेटर पवन मित्तल ने हमारे आराध्य, मयार्दा पुरुषोत्तम भगवान श्री राम के पावन अवतरण दिवस 'श्री राम नवमी' की समस्त देश वासियों एवं श्रद्धालुओं को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। उन्होंने श्रीराम जी के जन्म और शिक्षाओं पर प्रकाश डाला।

### भाजपा बुद्धिजीवी प्रकोष्ठ की बैठक 19 को रोहतक में

**कुरुक्षेत्र।** भारतीय जनता पार्टी के हरियाणा प्रान्त की बुद्धिजीवी प्रकोष्ठ की प्रदेश कार्यकारिणी की बैठक 19 अप्रैल को प्रातः 9 बजे हरियाणा भाजपा के नए कार्यालय रोहतक में होगी। यह जानकारी बुद्धिजीवी प्रकोष्ठ की प्रांतीय कार्यकारणी के वरिष्ठ सदस्य, जिला बुद्धिजीवी प्रकोष्ठ के संयोजक व भाजपा हरियाणा युवा मोर्चा के प्रांतीय उपाध्यक्ष रहे भाजपा नेता पवन आश्री ने बताया है कि बैठक में बतौर मुख्यातिथि भाजपा हरियाणा के प्रदेश संगठन महामंत्री फणीन्द्रनाथ शर्मा सदस्यों को भाजपा को 400 पार सीटों के बारे गुर देगे।

### रामराज्य की अवधारणा पर चल रही आपः सुशील

**कुरुक्षेत्र।** आम आदमी पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष और कुरुक्षेत्र लोकसभा से इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी डॉ. सुशील गुप्ता ने बुधवार को थानेसर विधानसभा के सेक्टरों और कॉलोनियों में चुनावी यात्रा शुरू की। इससे पूर्व उन्होंने रामनवमी के अवसर पर आजाद नगर स्थित अपने घर और प्राचीन हनुमान मंदिर में पूजा अर्चना कर कुरुक्षेत्र के अच्छे भविष्य और देश में सुख शांति की कामना की। इसके बाद डॉ. सुशील गुप्ता ने ई रिक्शा में बैठकर चुनाव प्रचार किया। उन्होंने अपनी चुनावी यात्रा थानेसर के शांति एनक्लेव से शुरू की। वहां से कच्चा घेर मार्केट में लोगों से रूबरू हुए। इसके बाद विवेकानंद कॉलोनी में पहुंचे। यहां से उन्होंने नहर कॉलोनी, सेक्टर-5, सेक्टर-7, मोहन नगर, सेक्टर-2, सेक्टर-7 और लाडवा के गांव लोहारा में लोगों को संबोधित किया और जनता का आशीर्वाद लिया।

### श्रीरामकथा में भक्तों ने लगाए जय श्रीराम के जयकारे

# भगवान श्रीराम की मर्यादाएं पूरी मानवता के लिए सार्थक





नीलोखेड़ी। महामण्डलेश्वर स्वामी ज्ञानानंद जी महाराज उपस्थित लोगों को प्रवचन सुनाते हे। फोटो : हरिभूमि

श्रीराम नवमी महापर्व के अवसर पर श्री सनातन धर्म मंदिर नीलनगर में श्रीराम कथा का किया गया आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नीलोखेड़ी

श्रीराम नवमी महापर्व के अवसर पर श्री सनातन धर्म मंदिर नीलनगर में आयोजित श्रीराम कथा महोत्सव के विश्राम दिवस पर गीता मनीषी महामण्डलेश्वर स्वामी ज्ञानानंद जी महाराज ने आज मंदिर में भगवान श्रीराम की महा आरती की व श्रीराम प्रकटोत्सव की बधाई दी।स्वामी जी ने समय काल परिस्थिति अनुसार जब जब धर्म की मर्यादा स्थापित करनी हो तो भगवान विभिन्न अवतारों में अवतरित होते हैं। उन्होनें श्री राम को एक मर्यादा,धैर्य, संवेदनशीलता,संस्कृति का प्रतिक बताते हुए हुए कहे कि राम साक्षात धर्म है ओर ।उन्होंने भगवान राम की मर्यादा केवल सनातन धर्म को मानने वाले या सनातन धर्मियों के लिए नहीं अपितु पूरी मानवता के लिए है।मंदिर सभा के अध्यक्ष शिव नाथ कपूर ने अपने संबोधन में इस बार की श्रीराम नवमी का तो ओर भी ज्यादा गौरवान्वित करने वाली है चूंकि लंबे संघर्ष के उपरांत करीब 500वर्षों बाद अयोध्या में इसी वर्ष श्रीराम लला अपने गर्भ गृह में विराजित हुए है।कपूर ने स्वामी जी के नीलोखेड़ी आगमन पर मंदिर सभा की ओर,से अभिनंदन भी किया ।आज मंदिर में आचार्य हरिहर मुद्गल जी महाराज ने श्रीराम कथा के विश्राम दिवस पर आह्वान किया कि श्रीराम के जीवन चरित्र ओर भरत जैसे भाई के चरित्र को यदि अपने जीवन जीव धारण कर ले तो घर घर की समस्या जो जरा से लोभ के कारण रिश्ते विभाजित हो जाते हैं। भगवान राम की मर्यादा केवल सनातन धर्म को मानने वाले या सनातन धर्मियों के लिए नहीं अपितु पूरी मानवता के लिए है। आज श्रीराम महोत्सव में पूर्व विधायक भगवान दास कबीरपंथी,संदीप गुप्ता,कांग्रेस नेता राजेश वैध, नरेश चुघ,सूरज दुआ, पंकज शर्मा,नवीन कपूर, प्रवीण आनंद,वीरेंद्र शर्मा,वेद प्रकाश कटारिया,निखिल मलिक, अशोक मल्होत्रा,नारायण दास वर्मा,अश्वनि शर्मा,भोलानाथ कपूर, महेश साहनी,कमल कपूर, कमल अरोड़ा सहित काफी संख्या में लोग इस अवसर पर उपस्थित थे।आचार्य जगदीश शर्मा ने हवन यज्ञ करवाया तदुपरांत विशाल भंडारे का भी आयोजन किया गया। शिव नाथ कपूर ने बताया करीब 65 वर्षो से यह संस्था हर धार्मिक आयोजनों को उल्लासपूर्वक मनाए जाते हैं।

## मां झंडेवाली के भजनों पर झूमे श्रद्धालु

- श्री सेवा समिति आश्रम में आयोजित मां की चौकी में आज श्रद्धालुओं ने माता के जयकारे लगाए

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल



मां झंडेवाली सेवा समिति की ओर से नवरात्रि के उपलक्ष्य में मां झंडेवाली की चौकी का आयोजन किया जा रहा है।

श्री सेवा समिति आश्रम में आयोजित मां की चौकी में आज श्रद्धालुओं ने माता के जयकारे लगाए और भजनों पर झूम उठे। आज कंजक पूजन एवं विशाल भंडारे के साथ मां की चौकी का समापन किया गया। मां की चौकी में मां का आशीर्वाद लेने श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ी। भजन गायकों के मधुर भजनों से समां बांध दिया और श्रद्धालु मंत्रमुग्ध हो गए। इस अवसर पर विशेष रूप से पहुंचे समाजसेवी प्रमोद नागपाल ने माता रानी का श्रृंगार किया और आशीर्वाद लिया। संस्था की ओर से उन्हें स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। समिति की ओर से 9 अप्रैल से मां की चौकियों का आयोजन किया जा रहा है जिसका आज विधिवत समापन किया गया। इस अवसर पर कमल मुंजाल, महेश गुलाटी, प्रवीन गर्ग, ईशा बठला, आशा अरोड़ा, संगीता शर्मा सहित काफी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे।

### आर्ट ऑफ लिविंग के सदस्यों ने मनाई रामनवमी

**शाहबाद।** आर्ट ऑफ लिविंग के सदस्यों द्वारा रामनवमी का पर्व बहुत धूमधाम से मनाया गया जिसमें पहले ललिता सहस्त्रानाम का पाठ किया गया और फिर रामनवमी के बारे में गुरुदेव श्रीश्री रविशंकर के विचारों पर चर्चा की गई।

इस अवसर पर विशेष रूप से शाहाबाद आर्ट ऑफ लिविंग के मीडिया कोऑर्डिनेटर दीपक सिंगला, डीडीसी मेम्बर डॉ दीपक शर्मा, सचिव भारत भूषण उपस्थित रहे। दीपक सिंगला ने कहा कि गुरुदेव श्रीश्री रवि शंकर बताते है कि समय से परे क्यों हैं भगवान श्री राम। उन्होंने कही कि हमारे इतिहास में ऐसी कई घटनाएं हुई हैं जिन्होंने मानव सभ्यता पर अमिट छाप छोड़ी है। उनमें से एक है भगवान श्री राम के जीवन की कथा।

## मानव जाति के आदर्श हैं प्रभु श्रीराम : शक्ति सिंह

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल



संसार का शाश्वत सुख जनमानस के रोम-रोम में बसे मर्यादा पुरुषोत्तम प्रभु श्रीराम के चरणों में ही है जिन्होंने रामराज्य की स्थापना कर सर्वजन सुखाय सर्वजन हिताय के वैद्धिक सिद्धांत को स्थापित किया। रामनवमी के पावन पर्व पर उक्त उद्गार व्यक्त करते हुए वेदमाता गायत्री के उपासक एवं सामाजिक कार्यकर्ता एडवोकेट चौधरी शक्ति सिंह ने कहा कि भगवान श्रीराम आस्था, विश्वास और मानव जाति के आदर्श हैं। उनका जन्म एक जागरण, जीवन और अस्तित्व है। श्रीराम अपने गुणों की वजह से ही मर्यादा पुरुषोत्तम कहलाए। उन्होंने दया, सत्य, सदाचार, करूणा, मर्यादा और धर्म का पालन किया। उन्होंने समाज के लोगों के सामने सेवा का उत्कृष्ट उदाहरण पेश किया था। भगवान श्रीराम की महानता अथाह है।

शक्ति सिंह एडवोकेट ने कहा कि हिंदू जनमानस के लिए भगवान श्रीराम की प्रासंगिकता उतनी ही है जितनी सागर में जल की, वनों में वृक्ष की अथवा ज्ञानी पुरुषों में विनम्रता की होती है।

## इनेलो नेता जोगिंद्र कुक्कू भाजपा में शामिल

- पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर ने थपथपाई पीठ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल




करनाल। भाजपा में शामिल होने पर जोगिंद्र कुक्कू का स्वागत करते पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर। फोटो : हरिभूमि

इनेलो के शहरी अध्यक्ष रहे जोगिंद्र कुक्कू ने पार्टी की नीतियों से प्रभावित होकर भारतीय जनता पार्टी में आस्था जाहिर की। वह भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व विधायक भगवानदास कबीरपंथी के नेतृत्व में आयोजित हुई कल्सटर जनसभा के दौरान भाजपा में शामिल हुए। भाजपा में शामिल होने पर हरियाणा के पूर्व मुख्यमंत्री व करनाल लोकसभा प्रत्याशी मनोहर लाल खट्टर ने उनकी पीठ थपथपाई। पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर ने जोगेंद्र सिंह कुक्कू को आर्शीवाद दिया। काबिलेगौर है कि 32 वर्ष बाद इनैलों नेता जोगिंद्र कुक्कू की भाजपा में घर वापिसी हुई। वह इनैलों पार्टी में कई वर्ष तक रहे। बीते दिनों पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर सी.एच.डी. सिटी स्थित जोगिंद्र सिंह कुक्कू के परिवार में भी पहुंचे थे। भाजपा में शामिल होने के बाद जोगेंद्र कुक्कू ने कहा कि वह अब भारतीय जनता पार्टी की नीतियों को लेकर जनता के बीच जाएंगे।

### सुचारू रूप से चल रही गेहूं की खरीद

कुरुक्षेत्र। हरियाणा के मुख्य सचिव टीवीएसएन प्रसाद ने कहा कि गेहूं के सीजन में सभी मंडियों में फसल खरीद का कार्य सुचारू रूप से चल रहा है। मंडियों में व्यापारियों और किसानों की समस्याओं का प्राथमिकता के आधार पर समाधान किया जा रहा है। इतना ही नहीं फसल की राशि का भुगतान भी नियमानुसार कर दिया जाएगा। मुख्य सचिव टीवीएसएन प्रसाद मंगलवार देर सायं थानेसर अनाज मंडी, ब्रह्मसरोवर के पास पड़ी गेहूं व पिपली अनाज मंडी में गेहूं की आवक का निरीक्षण करने के उपरांत अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। ब्रह्मसरोवर के आस-पास पड़ी गेहूं व पिपली अनाज मंडी में गेहूं के खरीद कार्यों का निरीक्षण किया।

## अपोलो स्कूल में मनाया वार्षिक उत्सव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| तरावड़ी



गत दिवस अपोलो इंटरनेशनल स्कूल दादूपुर खुर्द में वार्षिक उत्सव वीर स्मृति बड़े हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस मौके पर स्कूल के नन्हे - मुन्ने कलाकारों ने लघु नाटिका ,गीत-संगीत द्वारा भारत के उन देश भक्तो को याद किया जिन्होंने अपनी छोटी से उम्र में हस्ते हस्ते देश के लिए अपनी जान नौछवर कर दी । विद्यार्थियों ने गुरु गोविंद सिंह जी के पुत्रों के बलिदान को याद किया और नेताजी सुभाष चंद्र बोस के महान योगदान , उड़ीशा के वीर शहीद वाजी राऊत, दक्षिण की सरस्वती राजमणि और दुर्गा , शहीद करतार सिंह सराभा आदि के विषय में सुंदर नाटक प्रस्तुत किया , जिसे देखकर पंडाल में बैठे सैंकड़ो अभिभावक गन भाव -विभोर हो उठे । इस मौके पर विभिन्न क्षेत्रों के मेधावी विद्यार्थियों को भी सम्मानित किया गया। समारोह का शुभ आरंभ मुख्य अतिथि प्रोफेसर वैध करतार सिंह धीमान वाइस चांसलर श्री कृष्णा आयुष यूनिवर्सिटी कुरुक्षेत्रा के द्वारा दीप प्रज्वलन किया गया। प्रोफेसर वैध करतार सिंह धीमान ने कहा कि बच्चों को अच्छा नागरिक बनाने में माता-पिता के बाद शिक्षण संस्थाओं का अहम योगदान होता है। विद्यालय प्रबंधक श्री राहुल गुप्ता जी ने स्कूल की वार्षिक गतिविधियों पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर प्रधानाचार्या रजनी शर्मा जी ने बच्चों के नैतिक मूल्यों पर प्रकाश डाला और बच्चों को संस्कारवान तथा अच्छे नागरिक बनने के लिए प्रेरित किया ।



### राम नवमी पर भक्तों ने गाए भजन

करनाल। श्री राम नवमी के अवसर पर श्री राम मंदिर सेक्टर आठ में अवध जैसा नजारा था मानो ऐसे प्रतीत हो रहा था की राम ने राम मंदिर में ही अवतार लिया हो, हर एक के चेहरे पर खुशी ऐसे झलक रही थी जैसे आज सब कुछ पा लिया हो। दोपहर 12 बजे दीदी दीपमाला ने राम जी के आगमन पर हर्ष उल्लास से खुशियों से भजन गाए। उन्होंने भए प्रगट कृपाला दीन दयाला कौशल्या हितकारी हर्षित महतारी मुनि मनरी अद्भुत रूप विचार गाया। दीपमाला ने कहा कि घट-घट में राम समाया हुआ है। कण-कण में राम में समाया है, हर पल में राम समाया है। अनु खट्टर और सुदेश वाधवा ने अपने सहयोगियों के साथ भगवान जी के नूर को देखते हुए तेरे चेहरे में वो जादू है बिन डोर खिंचा आता हूं भजन गाया। कार्यक्रम में मुख्य यजमान के रूप में कुलदीप मक्कड़ और उनका परिवार मौजूद रह। इस अवसर पर केएल डांग, प्रधान रविंद्र तनेजा, राम अवतार गुप्ता, पूर्व प्रधान जगन बत्रा, अनिल ग्रोवर, पूनम ग्रोवर, वेद दुआ, सरोज दुआ, अशोक मदान, डा. आर.के सचदेवा, रमेश शर्मा, सुदेश वधवा, तरसेम गुप्ता, पवन धमीजा, मुरारी बत्रा, अनीता सरदाना, बलदेव राज रहे।

## राइजिंग सन पब्लिक स्कूल में मनाई रामनवमी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| घरौंडा



राइजिंग सन पब्लिक स्कूल में मंगलवार को भगवान विष्णु के सातवें अवतार भगवान राम की जयंती-रामनवमी का पर्व उत्साह एवं हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्जवलन एवं माल्यार्पण के साथ किया गया। छात्रों द्वारा मंत्रोच्चारण और मधुर भजनों की की अद्भुत प्रस्तुति दी गई। जय - जय श्री राम के जयकारों से स्कूल परिसर गूंज उठा। बच्चों ने राम, सीता, लक्ष्मण और हनुमान की वेशभूषा में सब को मुग्ध किया।

स्कूल प्रबंधक समर सिंह कल्याण ने कहा कि चैत्र माह के नौवें दिन आने वाला त्योहार बुराई को दूर करने और पृथ्वी पर दैवीय शक्ति के प्रवेश का संकेत देता है। उन्होंने हमारे जीवन में 'कर्म' के महत्व पर जोर दिया। उन्होंने सभी को सच्चाई और ईमानदारी के रास्ते पर चलने की सलाह दी। डायरेक्टर गौरव कल्याण और प्रिंसिपल अलका छाबड़ा ने छात्रों के साथ भगवान राम के जीवन के विभिन्न चरणों को दर्शाती हुई कई घटनाएं साझा की। उन्होंने बच्चों को भक्ति के मार्ग पर चलने के लिए प्रेरित किया।उत्सव ने वातावरण को भगवान राम के प्रति भक्ति और प्रेम की भावना से भर दिया।



### श्रीरामकथा का आयोजन 21 से

**तरावड़ी।** मां अन्नपूर्णा आश्रम मे श्री हनुमान सेवा समिति की बैठक का आयोजन हुआ। बैठक में सरक्षंक बालकिशन त्रिपाठी, अध्यक्ष अमन शर्मा के अलावा सभी सदस्य उपस्थित थे। इस दौरान श्री हनुमान सेवा समिति द्वारा 21 अप्रैल से 23 अप्रैल तक वार्षिक उत्सव होने वाले कार्यक्रम में सुंदरकांड पाठ व श्री राम कथा को लेकर विचार विर्मश किया गया। जिसमे स्वामी रामानन्द सरस्वती नकुड़ वालें जी की परम शिष्या सुश्री देवी सुदीक्षा सरस्वती जी रामायणी भक्तों को रामकथा श्रावन करवायेंगी। समिति के अध्यक्ष अमन शर्मा ने बताया कि 21 और 22 अप्रैल को सायं 4:00 बजे से श्री राम कथा का कार्यक्रम आयोजित होगा। उसके बाद 23 अप्रैल को सुबह 9:00 बजे सुंदरकांड पाठ के बाद भंडारे का आयोजन किया जाएगा। श्री हनुमान सेवा समिति ने शहर भर से लोगों से अपील की। वह इस 3 दिन महोत्सव में भाग लेकर पुण्य के भागी बने। इस अवसर पर समिति के सरक्षंक बालकिशन त्रिपाठी, अध्यक्ष अमन शर्मा, संजय गाबा, विपिन छाबड़ा, अशोक लूथरा राजेश मुंजाल, दीपक कुमार , अशोक कुमार , संजय सेतिया, नरेश गाबा, सुभाष अनेजा आदि रहे।

### हारी बाज़ी खेल रहे विपक्षी आरक्षण को लेकर फैला रहे भ्रम,भाजपा ग़रीबों के हक़ों की सच्ची पहरेदार

# प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के हाथों पूरा देश सुरक्षितः डा. बनवारी लाल

एक सोची समझी साजिश के तहत विपक्षी कर रहे आरक्षण समाप्ती का भ्रामक प्रचार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल



हरियाणा के लोक निर्माण मंत्री और वरिष्ठ भाजपा नेता डॉ. बनवारी लाल ने आज कहा कि अपनी सुनिश्चित हार से बौखलाए विपक्षी भ्रामक प्रचार पर उतर आए हैं।भारतीय जनता पार्टी और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के हाथों में जिस तरह समूचा भारत वर्ष सुरक्षित है ठीक उसी तरह अनुसूचित जातियों और जनजातियों के अधिकारों पर भी कोई आँच नहीं आ सकती। डॉ.बनवारी लाल ने आज यहाँ महावीर कॉलोनी में आयोजित एक कार्यक्रम में अनुसूचित जाति के प्रबुद्ध नागरिकों के साथ संवाद में यह दावा किया। पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता डॉ. वीरेंद्र सिंह चौहान के साथ कैबिनेट मंत्री डॉक्टर बनवारी लाल ने समाज के प्रतिनिधियों से विस्तृत बातचीत करते हुए उनकी शंकाओं का भी निवारण किया।

**ये रहे मौजूद**

इस अवसर पर भारतीय जनता पार्टी के अनुसूचित मोर्चा के पूर्व जिलाध्यक्ष और कुरुक्षेत्र जिला प्रभारी कृष्ण बुक्कल, वर्तमान जिलाध्यक्ष ओमप्रकाश, सतपाल,रणधीर प्रधान ओड समाज, बलबीर पंच, शक्ति पंच , मूलचंद शक्ति प्रमुख, जगदीश कुमार एस सी मोर्चा बल्ला मंडल अध्यक्ष, कर्मवीर सालवन उपाध्यक्ष एस सी मोर्चा बल्ला मंडल, अनिल नम्बरदार सुल्तानपुर जिला महामंत्री एस सी मोर्चा, ओमप्रकाश जिला अध्यक्ष एस सी मोर्चा करनाल भाजपा, राकेश डाबड़ा गगसिना एस सी मोर्चा जिला उपाध्यक्ष, जगदेव पाढा,आदि भी मौजूद रहे।

डॉ.बनवारी लाल ने कहा जिस कांग्रेस पार्टी ने आरक्षण का हक़ दिलवाने वाले डॉ. बाबासाहब भीमराव अंबेडकर को उनके जीवन काल में अपमानित करने में कोई कोर कसर नहीं छोड़ी वे अब यह भ्रम फैलाने लगी है कि भारतीय जनता पार्टी की सरकार बनने पर ग़रीब तबकों को मिल रहा आरक्षण समाप्तकर दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि यह सोची समझी साज़िश के तहत फैलाया जा रहा झूठ कांग्रेस की अनुसूचित जातियों के प्रति भी नकारात्मक सोच का परिणाम है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री स्वयं इस बारे में स्पष्ट रूप से अपनी राय व्यक्त कर चुके हैं। उन्होंने कहा कि जो आरक्षण पर ख़तरे की बात फैला रहे हैं दरअसल उनका राजनीतिक वजूद ख़तरे में है। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अगुआई में भारतीय जनता पार्टी की सरकार ने बाबा साहब डॉक्टर भीमराव अंबेडकर के जीवन से जुड़े पाँच स्थानों को पंचतीर्थ के रूप में विकसित करने की अनूठी पहल की है। डॉक्टर बनवारी लाल ने बताया कि सरकार द्वारा चलायी जा रही आयुष्मान भारत सहित ग़रीब कल्याण की अधिकांश योजनाओं का सर्वाधिक लाभ अनुसूचित जातियों के लोगों को ही मिल रहा है।उन्होंने पदोन्नति में आरक्षण के सरकार के निर्णय को एक बड़ी पहल क़रार दिया और कहा कि सरकार अपने निर्णय को अमल में लाने के लिए मज़बूती से क़ानूनी लड़ाई लड़ेगी।भाजपा प्रवक्ता डॉक्टर वीरेंद्र सिंह चौहान ने कहा कि आरक्षण समाप्त होने की अफ़वाहें फैलाना ठीक वैसा ही फ़र्ज़ी निरेटिव है। यही हथकंडा किसानों को गुमराह करने के लिए किसान आंदोलन में इस्तेमाल हुआ था जब विपक्षी जगह जगह किसानों से यह कहते घूम रहे थे कि मोदी सरकार ने उनकी ज़मीन बड़े उद्योगपतियों को दे दी है।

## खबर संक्षेप

### राम नाम का जप ही सभी व्याधियों की दवाई

**पानीपत।** सनौली रोड स्थित मन्दिर श्री भीम गोडा में श्री रामनवमी का उत्सव मनाया गया। भक्तों ने बधाई गीत गाए तथा लंगर का आयोजन किया गया । श्री रामनवमी के उपलक्ष्य में चल रहे श्री भीम गोडा मन्दिर में 3 दिवसीय कथा के अन्तिम दिन आज कथाव्यास स्वामी दयानन्द सरस्वती ने प्रवचन करते हुए आए हुए सभी भक्तों को राम जन्म की बधाई दी। उन्होंने राम नाम की महिमा का वर्णन करते हुए कहा कि आज के समय में केवल राम नाम का जप ही सभी व्याधियों की दवाई है। राम नाम महिमा पर प्रकाश डालते हुए कहा कि केवल नाम स्मरण से ही सार्थक जीवन जिया जा सकता है। भजन सम्राट वेद कमल व रवि आहुजा ने भक्तों को झूमने पर विवश कर दिया।

### जरूरत मंद की सेवा ही भगवान की भक्ति

**पानीपत।** समाज सेवा संगठन की ओर से आज अग्रवाल मंडी कार्यालय पर 5 दिव्यांगों को हाथ रिक्शा वितरण की गई। समाज सेवा संगठन अध्यक्ष प्रवीण जैन ने बताया कि एक सप्ताह पहले ही इन दिव्यांगों की हाथ रिक्शा की जरूरत की डिमांड आई थी। संगठन मेंबरों ने पता किया इनके पास हाथ रिक्शा नहीं है। इनकी जरूरत को देखते हुए आज हाथ रिक्शा भेंट की। प्रवीण जैन ने कहा कि हम बहुत ही भाग्य शाली हैं जो बाबा भोले नाथ ने जरूरत मंद की सेवा करने के लिए हमें चुना है। इस मौके पर राजिंद्र जैन, विकास जैन, सुभाष गोस्वामी व भोला मेहता आदि मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

### कबीर के बताए मार्ग पर चलने की जरूरत

**पानीपत।** पानीपत ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र के गांव सिवाह में धानक समाज की ओर से धानक चौपाल पर संत कबीर की मूर्ति की स्थापना की गई। इस उपलक्ष्य में समाज की महिलाओं द्वारा कलश यात्रा भी निकल गई। मूर्ति स्थापना समारोह में पानीपत ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र से कांग्रेस के वरिष्ठ नेता महेंद्र सिंह कादियान ने बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की। महेंद्र सिंह कादियान ने कहा कि संत कबीर अपने समय के क्रांतिकारी सचेतक थे। उन्होंने दुनिया भर में व्याप्त आडंबरों, कुप्रथाओं, जड़ता, मूढ़ता एवं अंधविश्वास का तर्कों के साथ खंडन किया। उन्हें अपने युग के प्रति यथार्थ बोध इतना गहरा था कि उन्होंने हर परंपरा, कुरीति एवं पाखंडों को यथार्थ धरातल पर खारिज करते हुए इससे बचने की अपील की। उन्होंने कहा कि सभी को इस महान संत के बताए मार्ग पर चलने की आवश्यकता है।

### स्थापना दिवस पर निकाली प्रभारी फेरी

**पानीपत।** पूज्य सुधांशु जी महाराज द्वारा संचालित विश्व जागृति मिशन का स्थापना दिवस पानीपत मंडल द्वारा आज धूमधाम से मनाया गया। बता दें कि विश्व जागृति मिशन की स्थापना वर्ष 1991 में रामनवमी के दिन दिल्ली में की गई थी तथा आज इसकी देश विदेश में 80 शाखाएं सेवारत हैं। स्थापना दिवस पर पानीपत मंडल द्वारा प्रभात फेरी का आयोजन किया गया। प्रभात फेरी कृष्णापुरा स्थित विनोद चौहान के घर से प्रारंभ होकर रमेश ढींगरा के निवास पर संपन्न हुई। इस दौरान पार्टी को सुंदर ढंग से सजाया गया तथा उसमें महाराज श्री की फोटो को सुशोभित किया गया। प्रभात फेरी के दौरान सभी भक्तजन महाराज जी के भजनों पर नाचते झूमते हुए चले। प्रभात फेरी का रमेश ढींगरा के निवास पर पहुंचने पर पुष्प वर्षा से स्वागत किया गया।

### श्री विश्वकर्मा मंदिर को दिया जाएगा भव्य रूप

**पानीपत।** गोहाना रोड स्थित श्री विश्वकर्मा मंदिर में आज मंदिर के भवन के नवनिर्माण का शुभारंभ श्री रामनवमी के अवसर पर हवन यज्ञ करके किया गया। प्रधान रघुवीर धीमान ने बताया कि विश्वकर्मा मंदिर सभा की बैठक में मंदिर के भवन को भव्य रूप देने के लिए पुनर्निर्माण का प्रस्ताव पास किया गया था। जिसके तहत आज रामनवमी के उपलक्ष पर पुराने भवन को गिरने की शुरुआत की गई।

## राम नवमी पर श्री राम सेवा सदन का किया उद्घाटन

# पानीपत की रामलीला कमेटी हरियाणा की शान हैं : नरेश

श्री हनुमान चालीसा पाठ से कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत





**पानीपत।** श्रीराम सेवा सदन का उद्घाटन करते अतिथिगण। वश्रीराम सेवा सदन भवन का दृश्य। *फोटो : हरिभूमि*

श्री रामलीला कमेटी श्री देवी मंदिर द्वारा आज श्री राम नवमी के पावन अवसर पर अपने नवनिर्मित भवन श्री राम सेवा सदन का उद्घघाटन धार्मिक विधि विधान से किया गया। श्री हनुमान चालीसा पाठ से कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ। भवन का उद्घघाटन विद्वान पंडितों द्वारा मंत्रो उचारण एवं पुर्ण धार्मिक अनुष्ठान से समाज सेवी नरेश सिंगला नादे वाले के कर कमलो द्वारा सम्पन्न हुआ। रामलीला कमेटी के सरपरस्त गोबिंद गोयल, प्रधान आर्दश गुप्ता, महासचिव मनोज सिंगला ने संयुक्त रूप में बताया कि इस भवन की नींव आज से ठीक एक साल पहले अप्रैल 2023 में रखी गई थी तथा इस भव्य भवन को बनने में पुरा एक साल लग गया। अब जो भी कलाकार बाहर से रामलीला का मंचन करने आते हैं उनके ठहरने के लिए यहां पर सभी वयवस्थाएं ओर सुविधाएं उपलब्ध होंगी। अब यहां पर सामाजिक कार्यक्रम जैसे कि रक्त दान शिविर,आई चैकअप कैम्प आदि भी लगाए जा सकते हैं। कमेटी के कोषाध्यक्ष संजय बंसल,सचिव विरेंद्र बंसल व पूर्व प्रधान नवल जिंदल ने सभी दानदाताओं का आभार प्रकट किया। कमेटी के उपप्रधान विजय शर्मा व संचालन समिति सदस्य मनोज गोयल ने पधारे सभी महानुभावों कि स्वागत किया। मुख्य अतिथि नरेश सिंगला ने रामलीला कमेटी के सभी सदस्यों को बधाई दी तथा आश्वासन दिया कि ऐसे कार्यों में सहायता के लिए सदैव तैयार हैं। उन्होंने बताया कि पानीपत की रामलीला कमेटी पानीपत की ही नहीं हरियाणा की शान हैं। इस अवसर पर सरपरस्त वेद गोयल, सरपरस्त काकु बंसल, सरपरस्त श्री राम निवास गुप्ता, सतीश गोयल, रोशन लाल मित्तल, राजेश गर्ग, नितिन जिंदल, सुधीर जिंदल, सचिन जिंदल, अजय गोयल, मुकेश बंसल, नितेश मित्तल, अतुल मित्तल, अभिषेक पालीवाल, सियाराम गुप्ता, संजय गर्ग, सुरेन्द्र रेवडी, अनिल बंसल, महेन्द्र गुप्ता, नरेश गोयल, नीरज गुप्ता, धीरज गुप्ता, श्रवण सर्राफ , समीर बंसल, प्रदीप गुप्ता,अतुल गुप्ता, मोहक गर्ग, अमित सिंगला, अमित गुप्ता, गंगा राम मंगला, राजेन्द्र गुप्ता, शरद मित्तल, सुशील सिंगला, हिमांशु सिंगला, अशोक गोयल, बृज भुषण गर्ग, विपिन गोयल, विकास गर्ग,अनिल गर्ग, सचिन गर्ग, सुमित मित्तल, सचिन गुप्ता, सरवेश सिंगला, सचिन मंगला, नीटू, मनमोहन अग्रवाल, श्री कृष्ण सिंगला, संजय गुप्ता, रजनीश गुप्ता, सुनील सिंगला, कन्हैया लाल गुप्ता, संजय मंगला, गोपाल तायल, जौनी सिंगला व जितेन्द्र सिंगला आदि उपस्थित रहे।



## श्री सोमभाई की पुण्यतिथि पर नागरिकों ने दी श्रद्धांजलि

- पुण्य तिथि की पूर्व संध्या से खादी कार्यकर्ताओं द्वारा 21 घण्टे की निरन्तर अखण्ड कताई की गई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत

खादी जगत के भीष्म पितामह, स्वतन्त्रता सेनानी, खादी ग्रामोद्योग आयोग के भूतपूर्व अध्यक्ष एवं गुरूकुल कांगड़ी हरिद्वार के भूतपूर्व उप.कुलपति व खादी आश्रम एवं विद्या भारती मॉडर्न स्कूल के संस्थापक स्व. श्री सोमभाई की पुण्य तिथि की पूर्व संध्या से खादी कार्यकर्ताओं द्वारा 21 घण्टे की निरन्तर अखण्ड कताई की गई। उसके पश्चात उनकी स्मृति में खादी आश्रम के गांधी संग्राहलय में प्रातः 10 बजे संजय शास्त्री द्वारा हवन यज्ञ कराया गया। इस अवसर पर विद्या भारती मॉडर्न स्कूल के विद्यार्थी एवं स्टाफ, रचनात्मक एवं खादी संस्थाओं के कार्यकर्ताओं के साथ.2 नगर के प्रबुद्ध नागरिकों ने भी भाग लिया। खादी आश्रम पानीपत एवं भारतीय खादी ग्रामोद्योग संघ उत्तरी क्षेत्र पानीपत की अध्यक्ष निर्मल दत्त ने बताया कि भारत विभाजन के पश्चात शरणार्थियों के पुनर्वास की समस्या को हल करने हेतु सरकार द्वारा जब सैंट्रल रिलीफ कमेटी का गठन किया तो उत्तर क्षेत्र के संचालन का कार्य श्री सोमभाई जी को सौंपा गया।

शरणार्थियों की पुनर्वास समस्या हल होने के पश्चात सन 1954 में उन्होंने खादी आश्रम की स्थापना की तथा इसे इतना व्यापक रूप दिया कि इसकी शाखा पंजाब, चण्डीगढ़, हरियाणा, हिमाचल प्रदेश एवं दिल्ली में भी फैल गई। सरोज बाला गुर ने कहा कि हिन्दुस्तान के स्वतन्त्रता आन्दोलन में श्री सोमभाई कई बार जेल गये और अपना सारा जीवन गांधी जी के आदर्शों को साकार करने में लगा दिया। इस अवसर पर दीपचन्द निर्मोही, बृजरानी शर्मा, असित जेतली, राजेन्द्र सिंगला, ओमप्रकाश, शमशेर सिंह, मुकेश कुमार शर्मा, जगदीप चन्द, अजीत पाल, प्राकृतिक चिकित्सक डा.राजन, ईशपाल सिंह, रोशन लाल, मीनाक्षी, अनिता आदि ने भी श्रद्धासुमन अर्पित किये।



### पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल की राजनीति केवल गरीबों के कल्याण के लिए : रघुनाथ कश्यप

**पानीपत।** भाजपा करनाल से प्रत्याशी के पक्ष में भाजपा नेता व पूर्व चेयरमैन रघुनाथ कश्यप हर रोज ग्रामीण हल्के में कई कई प्रोग्राम कर रहे हैं। वे जनता को सीधे कहते हैं कि मैं भी मनोहर लाल हू और उनके जितने के बाद आपकी समस्याओं की पूरी चिंता करूंगा और हर स्तर पर सभी समस्याओं को हल करवाऊंगा। रघुनाथ कश्यप ने दीनानाथ कलोनी पार्ट 2 में आयोजित एक कार्यक्रम में में कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल का राजनीति में रहने का उद्देश्य केवल गरीब लोगों की सेवा करना है। इसलिए मुख्यमंत्री रहते हुए उन्होंने अनेकों गरीब कल्याण की योजनाएं चलाई। उन्होंने हरियाणा के हर नागरिक को अपना परिवार समझा और अपने निजी रिश्तेदारों के प्रति भी कोई विशेष लगाव नहीं रखा। उनका 45 वर्ष से समय ज्यादा समाज सेवा के प्रति समर्पण है। कार्यक्रम में विशेष रूप से सुरेश कटारिया, राकेश कश्यप, सुरेश चौहान, धर्मपाल पांचाल, लच्छू राणा, राकेश वर्मा, चंद्रपाल, विरेंद्र,अरविंद,परवीन गुर्जर, प्रेमपाल कश्यप, पिंटू तोमर, महेंद्र कश्यप व रोहित आदि प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

### नेत्र जांच शिविर में पाए 8 मोतियाबिंद के मरीज

**पानीपत।** श्रीराम सेवादल द्वारा संचालित राजन चावला मेमोरियल डिस्पेंसरी स्थित श्रीराम धर्मशाला बरसत रोड नूरवाला में अर्पणा अस्पताल मधुबन करनाल के नेत्र रो विशेषज्ञों डा.स्तुति गर्ग व उनकी पूरी टीम के साथ नेत्र जांच शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें 101 व्यक्तियों की आंखों की जांच की गई। जिसमें 8 व्यक्तियों को मोतियाङ्क्षबद पाया गया। जिनका आपरेशन मधुबन स्थित अपर्णा अस्पताल में किया जाएगा। यहां पर मरीज व उसके साथ जाने वाले व्यक्ति का रहने व खाने-पीने का प्रबंध अस्पताल द्वारा किया जाएगा। इस अवसर पर श्री राम सेवा दल के प्रधान हरबंस आनंद, रामसरूप चावला,सुन्दर लाल वधवा, तिलक राज छोकरा आदि मौजूद रहे।

## श्रीराम सेवा दल ने मनाया राम नवमी महोत्सव

- भजनों पर झूमें श्रद्धालु

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत



**पानीपत।** श्री राम सेवा दल के पदाधिकारी श्री रामनवमी महोत्सव में भाग लेते श्रद्धालूगण। *फोटो : हरिभूमि*

बरसत रोड नूरवाला स्थित श्री राम धर्मशाला में श्री राम सेवा दल द्वारा 27वां श्री रामनवमी महोत्सव का शुभारंभ झंडा रोहण करके किया गया। जिसमें झंडा की रस्म राम भक्त श्याम सुंदर ग्रोवर द्वारा की गई। वही श्री रामायण का पाठ का शुभारंभ स्वर्गीय श्री राम भजन इसपुनानी एवं स्वर्गीय आज्ञावंती इशपुनानी के दामाद एवं सुपुत्रियों के कर कमलों द्वारा किया गया। गांव नूरवाला में राम लल्ला की पालकी की परिक्रमा करवाई गई। जिसमें प्रधान हरबंस आनंद ,महासचिव रामस्वरूप चावला, कोषाध्यक्ष कृष्ण लाल मोंगिया, नूरवाला शिवपुरी स्वर्ग आश्रम के प्रधान एवं पूर्व सरपंच सुंदर लाल वधवा ,नरेश आनंद ,बिट्टू मोगिया, भूषण मदान ,हरि चन्द आन्नद,हरीश इशपुनानी, राकेश आनंद ,पूरण चंद इशपुनानी, सुभाष इशपुनानी, जय भगवान ग्रोवर, गुलशन आनंद , डा. जितेन्द्र, प्रदीप नवीन, गौरव छौक्करा, तिलकराज छोकरा, राजन छोकरा, जगदीश छौक्करा, विक्की ,बंटी सपडा ,हंसराज ,मदन लाल खुराना, कृष्ण लाल खुराना, खुशहाल छाबड़ा, महिला विंग की पायल वधवा, सिमरन इशपुनानी, ज्योति आनंद ,पूनम ग्रोवर, वंदना छोकरा, गीतू ग्रोवर आदि प्रमुख रूप से मौजूद रहे। वहीं शाम को एक शाम रघुवर के नाम का आयोजन किया गया। जिसमें पंडित आत्म प्रकाश वशिष्ट के सानिध्य में श्याम लाडली मुस्कान पाल मुजफ्फरनगर ने अपनी प्रस्तुति देकर श्रोताओं को मंत्र मुगध किया। वहीं श्री राम दशहरा कमेटी के प्रधान भीम सचदेवा ने ज्योत प्रचंड कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। कार्यक्रम के समापन पर अमृत तुल्य प्रसाद का वितरण किया गया। वहीं आज श्रीराम बाल स्परूप को श्रद्धालुओं ने झूला झूलाया। भजन गायिका दीक्षा वधवा ने श्रीराम जन्म कथा की संगीतमय वर्षा की।

## मनोहर लाल ने सिवाह में की चुनावी सभा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत




**पानीपत।** पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल को स्मृति चिन्ह भेंट करते हुए चौधरी रणदीप कादियान। *फोटो : हरिभूमि*

करनाल लोकसभा क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी एवं निवर्तमान मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने ग्रामीण विधानसभा के सबसे बड़े गांव सिवाह में एक विशाल जनसभा को संबोधित किया। इस सभा की अध्यक्षता विकास एवं पंचायत और सहकारिता राज्य मंत्री महिपाल ढांडा ने की । जनसभा को भाजपा जिला अध्यक्ष दुष्यंत भट्ट, लोकसभा संयोजक एवं विधायक हरविन्द्र कल्याण और आर्य बाल भारती स्कूल के प्रधान रणदीप आर्य ने भी सभा संबोधित किया ।करनाल लोकसभा उम्मीद्वार मनोहर लाल ने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि हरियाणा को वीरों की भूमि भले ही कहा जाता हो लेकिन यहाँ अनेक संत-महात्मा, कवि और साहित्यकारों ने भी जन्म लिया है । इस कड़ी में गाँव सिवाह का भी गौरवशाली इतिहास रहा है । जहाँ सिवाह पंचगामा ने अनेक प्रतिभाशाली खिलाडी दिए हैं वहीं इस गाँव के अमर शहीद चौ. रणवीर सिंह और चौ. जसबीर सिंह ने भी देश की रक्षा में अपने प्राण न्योछावर किये हैं। यहाँ के प्रगतिशील किसान कृषि क्षेत्र में भी आधुनिक तकनीक अपनाकर हरियाणा का नाम रोशन कर रहे हैं। केंद्र व हरियाणा सरकार ने इस गाँव के विकास पर विशेष ध्यान दिया है । इस अवसर पर सिवाह मंडल अध्यक्ष संजीव दहिया, बिचपड़ी मंडल अध्यक्ष अर्जुन शर्मा, बाबैल मंडल अध्यक्ष संजय त्यागी, रिसालू सरपंच राजेश कुमार, नांगल खेड़ी सरपंच बिट्टू, राहुल, जसबीर खलीला, राजेश नम्बरदार प्रेम वर्मा सहित अन्य गणमान्य मौजूद रहे।

### वोटर कार्ड बनवाकर मतदाता बने सबसे बड़े उत्सव का हिस्सा

**पानीपत।** उपायुक्त एवं जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. वीरेंद्र कुमार दहिया ने बताया कि लोकतंत्र की सबसे अहम कड़ी मतदाता हैं। इसलिए अभी भी यदि किसी नागरिक का वोटर कार्ड नहीं बना है तो वह तुरंत अपना वोटर कार्ड बनवा कर देश के सबसे बड़े उत्सव का हिस्सा बन सकता है। उन्होंने बताया कि नागरिक 26 अप्रैल तक अपना वोट बनवा सकते हैं। पात्र व्यक्ति संबंधित बीएलओ निर्वाचन पंजीयन अधिकारी, सहायक निर्वाचन पंजीयन अधिकारी के पास फॉर्म.6 भरकर वोट बनवा सकते हैं। यह फॉर्म मुख्य निर्वाचन अधिकारी कार्यालय विभाग की वेबसाइट पर भी उपलब्ध है।



### विद्यार्थीकाल जीवन का स्वर्णिमकाल : मच्छरौली

**पानीपत।** समालखा हल्के के गांव डाडोला वासी सोनू कश्यप के पुत्र हिमांशु का जवाहर नवोदय विद्यालय प्रवेश परीक्षा में चयन होने पर पूर्व विधायक रविंद्र मच्छरौली उनके घर पहुंचे तथा बधाई दी। वहीं गांव से आये हुए सभी नौजवान साथियों का हाल चाल जाना। पूर्व विधायक रविंद्र मच्छरौली ने ग्रामीणों को संबोधित करते हुए कहा कि हिमांशु ने जवाहर विद्यालय की प्रवेश परीक्षा पास करके पूरे गांव का नाम रोशन करने का काम किया है। हिमांशु से गांव के अन्य विद्यार्थियों को भी सबक लेना चाहिए। रविंद्र मच्छरौली ने कहा कि विद्यार्थी काल में बच्चों को पूरी मेहनत के साथ पढ़ाई करनी चाहिए यह समय इंसान का स्वर्णिकाल होता है जो उसकी पूरी जिंदगी की दिशा व दशा तय करता है। इसलिए इस समय में पढ़ाई में कंजूसी आने वाले समय में परेशानी का कारण बन सकती है। इस अवसर पर समरा, राजा कश्यप, नदीम गुज्जर,शकील,सोनू, सुरेश, विजय व राजू कश्यप आदि प्रमुख रूप से मौजूद रहे।

## संतों के आशीर्वाद से मुलतानी लघु फिल्म 'सजा' हुई रिलीज

- फिल्म में आज के समय में टूटते पारिवारिक रिश्तों को दिखाया गया है

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत

बहुचर्चित मुलतानी लघु फिल्म सजा को यूट्यूब चैनल मुलतानी बोली पर आज रिलीज किया गया। साहित्यकार कमल नयन वर्मा द्वारा लिखी कहानी पर आधारित मुलतानी भाषा में बनी लघु फिल्म सजा को पानीपत के भीम गोडा मन्दिर में चल रही श्री राम कथा के अवसर पर संत स्वामी दयानन्द सरस्वती से आशीर्वाद लेकर रिलीज किया गया। फिल्म के सभी कलाकार, लेखक व निर्देशक देव वर्मा भीम गोडा मन्दिर में पहुंचे व स्वामी दयानन्द सरस्वती से आशीर्वाद लिया। स्वामी जी ने फिल्म के सभी कलाकारों को मिठाई व पटिका देकर सम्मानित किया व सभी को आशीर्वाद दिया तथा फिल्म की सफलता की कामना की। इस फिल्म में आज के समय में टूटते पारिवारिक रिश्तों को दिखाया गया है । निर्देशक देव वर्मा ने कहा कि इस फिल्म को देखने के बाद नौजवान पीढ़ी अपने बुजुर्गों को मान सम्मान देना शुरू कर देगी। फिल्म में एक गीत भी है जिसे कमल



नयन वर्मा ने स्वयं लिखा है और इसे मनोज मनचंदा ने अपनी आवाज दी है। हसदा वसदा परिवार साडा क्यूं निखड़ गया, आजकल सोशल मीडिया पर बहुत बज रहा है। अश्विनी वर्मा ने इस गीत की धुन तैयार की है। हरीश वर्मा, राज कुमार भारद्वाज और मनोज मनचंदा ने इन लाईनों में जान डाल दी है। इस फिल्म में कमल नयन वर्मा के अतिरिक्त दीपक कपूर,तरूण मेहता, पूजा सहगल, मोहित मेहता, प्रिया खुराना, सिम्मी भल्ला, जगदीश चोपड़ा, वेद बांगा, गजेन्द्र सलूजा, सतीश बुद्धिराजा, टेकचन्द सोनी व बाल कलाकार ओनिश सहगल, आरवी चोपड़ा तथा तुशार वर्मा नजर आएंगे।
फोटो विवरण

**धर्मकर्म**

### श्री शिव मंदिर में श्रीराम नवमी पर किया हवन यज्ञ

## श्रीराम के बताए मार्ग पर चलकर हम जीवन सुखमय बना सकते हैं : राजीव जैन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत



पानीपत। श्री शिव मंदिर में राम नवमी पर पौधारोपण करते अतिथिगण व आयोजक।

श्री रामनवमी के उपलक्ष्य में इंदिरा विहार कॉलोनी वार्ड न.2 स्थित श्री शिव मंदिर के प्रांगण में हवन-यज्ञ किया गया। जिसमें श्री राधा कृष्ण गौशाला समिति के प्रधान राजीव जैन मुख्य अतिथि रहे। जबकि विशिष्ट अतिथि के रूप में समाजसेवी एवं उद्योगपति दिनेश खुराना रहे। वहीं सम्मानित अतिथि के रूप में श्री विश्वकर्मा पांचाल सभा के प्रधान ईशम कुमार पांचाल, ग्रीनमैन प्रो.दलजीत कुमार व समाजसेवी दयानंद मित्तल मौजूद रहे। अतिथियों का पगड़ी पहनाकर व स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। वहीं टीवी कलाकार मनोज पांचाल एंड पार्टी ने श्री राम के भजनों पर श्रद्धालुओं को झूमने के लिए मजबूर किया। पंडित दीपक पांडे ने विधि विधान से हवन यज्ञ कराया। वहीं प्रो.दलजीत ने अतिथि के साथ मंदिर प्रांगण में पौधारोपण किया। मुख्य अतिथि राजीव जैन ने कहा कि मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम के बताए मार्ग पर चलकर हम अपने जीवन को खुशहाल व सुखमय बना सकते हैं। इसलिए हमें भगवान श्री राम के बताए मार्ग पर चलना चाहिए। इस अवसर पर श्री शिव सेवा समिति के संरक्षक विनोद पांचाल, मदन लाल मजोका, प्रधान बनारसी दास बावा, उप प्रधान अमर सिंह पाल, जयभगवान ,महासचिव मोहन लाल, कोषाध्यक्ष धर्मबीर खन्ना, बिजेंद्र पांचाल, सूरजभान शर्मा, रतन पाल, जितेंद्र पटवा, रविंद्र पांचाल, देवराज, तरुण कुमार,सुमित कटारिया,सोमपाल फौरमेन, पप्पू पांचाल, नीरज पांचाल व समस्त कार्यकारिणी के सदस्यों ने अतिथियों का स्वागत किया।

